तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 6 अक्टूबर 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 बांकी नहर को पाटकर 25 लोगों ने किया भूमि पर कब्जा, बना दी बाउंड्री



खबर संक्षेप

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यार्थी उड़ान योजना के अंतर्गत काउंसलिंग आज

अम्बिकापुर। आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यार्थी उड़ान योजना 2026-27 (पूर्व में मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना) अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयनित विद्यार्थियों की काउंसलिंग 6 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। योजना अंतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 5 जुलाई को प्रयास आवासीय विद्यालय घंघरी में किया गया था। परीक्षा का परिणाम 6 जुलाई को घोषित किया गया तथा परीक्षा परिणाम के संबंध में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने के लिए 9 जुलाई को शाम 3 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। निर्धारित अवधि में कोई दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने के पश्चात वरीयता के आधार पर अंतिम मेरिट सूची जारी की गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार काउंसलिंग 6 अक्टूबर मंगलवार को प्रातः 10.30 बजे से कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा में आयोजित होगी। काउंसलिंग में चयनित शीर्ष 40 विद्यार्थी एवं अनुसूचित जाति वर्ग के चयनित विद्यार्थी अपने पालक के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। विद्यार्थियों को काउंसलिंग के दौरान कक्षा 4थीं की अंकसूची, स्थायी जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, निवास प्रमाण-पत्र, पालकों की सहमति-पत्र तथा आयकरदाता नहीं होने का प्रमाण-पत्र सहित आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य होगा।

आज सामूहिक अवकाश पर रहेंगे राजस्व पटवारी

अम्बिकापुर। पीवीएप को सरल बनाने एवं पटवारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष भागवत कश्यप के विरूद्ध की गई विभागीय कार्रवाई के विरोध में राजस्व पटवारी मंगलवार को प्रदेशभर के पटवारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। मांगों के समर्थन में राजस्व पटवारी संघ मंगलवार को रायगढ़ में प्रदेश स्तरीय धरना-प्रदर्शन करेगा तथा रैली निकालकर विरोध जताएगा। संघ के जिलाध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

छत्तीसगढ़ किसान सभा का प्रदेश सम्मलेन सूरजपुर में 6 से

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष सीपी शुक्ला ने बताया कि संगठन का राज्य सम्मेलन सूरजपुर में 6-7 अक्टूबर को होगा। सम्मेलन में प्रदेशभर से प्रतिनिधि उपस्थित होकर एक साल के कार्यों की समीक्षा करेंगे एवं अगले कार्यभार के संबंध में निर्णय लेंगे। सम्मेलन में किसानों से संबंधित समस्याओं, लाभकारी मूल्य के लिए स्वामीनाथन आयोग के सिफारिश के अनुरूप एमएसपी के संबंध में कानून बना, खाद-बीज एवं दवाई की उपलब्धता किसानों के ऋण माफी एवं वित्त प्रबंधन, उत्पाद विपणन, बाजार प्रबंधन आदि के संबंध में विचार कर निर्णय लिए जाएंगे।

शासकीय राशन दुकान से 50 हजार के खाद्यान्न की चोरी



दरिमा। ग्राम पंचायत बेलखरिखा स्थित शासकीय राशन दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार से अधिक का खाद्यान्न पार कर दिया। राशन दुकान संचालक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। राशन दुकान संचालन ने बताया कि 4 अक्टूबर की रात्रि दुकान का ताला तोड़कर 16 बोरी चावल, 4.5 क्विंटल शक्कर, दो बोरी में रखा 76 किलो चना पार कर दिया। सुबह ग्रामीण बाहर निकले तो दुकान का ताला टूटा देख सूचना दी। चोरी किए गए राशन के चावल की कीमत 24,000, शक्कर की 20500 एवं चना की कीमत 5800 कुल 50300 रूपए बताई जा रही है।

स्मार्ट क्लास में मधुमक्खियों का हमला, व्याख्याता-भृत्य समेत 10 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

- तीन छात्राओं की हालत गंभीर, जिला अस्पताल किया गया रेफर

ग्राम विजयनगर स्थित हायर से कें ड री स्कूल में सो म वा र दोपहर 2 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्मार्ट क्लास रूम में ड्राइंग कर रहे विद्यार्थियों पर अचानक मक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस घटना में व्याख्याता, भृत्य सहित करीब 10 बच्चे घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार दोपहर करीब 2 बजे स्कूल के स्मार्ट क्लास रूम में बच्चे ड्राइंग कर रहे थे। इसी दौरान पहले एक-दो मधु मक्खियां



क्लास में पहुंचीं और कुछ ही देर बाद बड़ी संख्या में मधुमक्खियों का झुंड कमरे में आ गया। अचानक हुए हमले से बच्चे घबरा गए और क्लास में अफरा-तफरी मच गई। मक्खियों ने विद्यार्थियों के साथ मौजूद व्याख्याता एवं भृत्य को भी डंक मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए 100 बिस्तर अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में शालिनी सहित अन्य चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। घायलों में कक्षा दसवीं की छात्रा नंदिनी कुशवाहा, आफरीन और संविदा खातून की स्थिति गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उनकी हालत को देखते हुए उन्हें बेहतर उपचार के लिए बलरामपुर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। अचानक स्कूल के भीतर मक्खियों के झुंड के हमले को लेकर विद्यालय में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना के बाद विद्यालय प्रबंधन द्वारा परिसर में मक्खियों के झुंड के आने के कारणों की जानकारी जुटाई जा रही है।

दुर्घटना में 9 घायलों को किया गया रिफर

पेड़ से टकराया ग्रामीणों से भरा पिकअप, दो महिलाओं की मौत



घायलों को एम्बुलेंस से लाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

कोरंधा क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार पिकअप पेड़ से जा टकराया। इस दुर्घटना में दो महिलाओं की मौत मौत हो गई जबकि 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण घर लिपाई के लिए काली मिट्टी लेने जा रहे थे। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रिफर किया गया है इसके साथ ही मामले में पुलिस द्वारा अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है।

खास बात

- 18 ग्रामीण जा रहे थे काली मिट्टी लेने,

बताया जा रहा है कि कोरंधा थाना अंतर्गत ग्राम देवरी निवासी ग्रामीण टपेश्वर, सुखमनी, सुनीता, सुरजमणि, मानमति, मनीषा, अलीना, इंदु किंडो, भाग्मणीय, अनूप किंडो, आनंद किंडो, अशोक किंडो, बसंती, किरण एवं कर्मी बाई समेत 18 महिला पुरुष गांव के अशोक किंडो के पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 15 डीपी 2749 से क्षेत्र के ग्राम प्रेमनगर की तरफ घर लिपाई के लिए काली मिट्टी लेने के लिए जा रहे थे। इस दौरान पिकअप वाहन को चालक अशोक किंडो चला रहा था, चालक काफी तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहा था। सुबह 9.30 बजे कोरंधा में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार पिकअप सड़क किनारे विपरीत दिशा में पेड़ से जाकर टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी वाहन बुरी तरह से क्षति ग्रस्त हो गया और ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद ग्रामीणों में चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

अस्पताल में तोड़ा दम

पुलिस के अनुसार अस्पताल में उपचार के दौरान गाम देवरी निवासी 40 वर्षीया सूरजमणि पति बालेश्वर व 30 वर्षीया किरण पति कपिल को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके साथ ही घायलों का उपचार जारी है। घायलों में से अलीना, इंदु किंडो, अजीत कुजूर, मनीषा कुजूर, सुखनी, सुनीता, अशोक, कुसुम व मानमती को गंभीर चोट आई है जिन्हें प्रारंभिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस द्वारा मृतकों की लाशों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। थाना प्रभारी गजपति मिर्रे ने बताया कि पिकअप दुर्घटना में 2 महिलाओं की मौत हुई है जबकि 9 घायलों को रिफर किया गया है। मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 281,125(ए),106(1) एवं एमवी एक्ट की धारा 112, 183, 66/192 के तहत अपराध दर्ज किया गया है और मामले की जांच चल रही है।

अलग अलग सड़क दुर्घटना में चार लोगों की गई जान

बाइक के पेड़ से टकराने, कार की टक्कर सहित वाहन की चपेट में आने की अलग अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जशपुर अंतर्गत ग्राम लोखंडी निवासी तमन राम आ. हरिमोहन राम (30 वर्ष) रविवार की सुबह गांव के ही छोटू के साथ बाइक से उसके ससुराल ग्राम करडेंगा किसी काम के सिलसिले में गए थे। शाम को दोनों वापस घर लौटने लगे और जैसे ही ग्राम दुलदुला के समीप पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर बाइक सहित सड़क किनारे पेड़ से टकरा गए। दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी लगने पर डायल 112 की टीम ने घायलों को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। इधर घटना की सूचना पर परिजन अस्पताल पहुंचे तो देखा तमन गंभीर हालत में था। चिकित्सकों ने तमन की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। दूसरी घटना में गांधीनगर हनुमान मंदिर समीप निवासी विराज एक्का आ. स्व. पैकरा एक्का (57 वर्ष) पीजी कॉलेज में भृत के पद पर पदस्थ था। रविवार को सेट परीक्षा ड्यूटी करे कॉलेज गया था। रात में ड्यूटी करने के बाद घर जाने लगा और जैसे बनारस रोड व्यायाम शाला पीजी कॉलेज के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस ने घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत भृत को मृत घोषित कर दिया। इधर परिजन परीक्षा के दिन विराज के देर रात या सुबह आने की आंशका पर खोजबीन नहीं की। सुबह पत्नी ने परिजन को बताया कि विराज घर नहीं आया है तो परिजन खोजबीन करने लगे। इसी बीच डायल 112 टीम से पता चला कि पीजी कॉलेज बनारस रोड पर वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हुई है। परिजन तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे तो देखा विराज का शव मरच्यूरी में रखा था। तीसरी घटना में बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम जलिपहाड निवासी राजाराम आ. देवशरण यादव (30 वर्ष) शनिवार को दोस्त को बाइक से पहुंचाने खड़गवां गया था। शाम को अकेले बाइक से घर वापस आने लगा और जैसे ही बजारीडांड पुल के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे कार के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल युवक को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में शंकरगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम चिरई निवासी सजरंग राम आ. बिरंग राम (26 वर्ष) रविवार को ग्राम कोदवा निवासी बहन ललिता के पास गया था। बहन से मिलने के बाद वापस घर लौट रहा था और जैसे की डीपाडीह स्कूल के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देख लक्ष्मण राम ने फोन कर सजरंग के बड़े भाई सुरेश को घटना की सूचना दी। सूचना परिजन मौके पर पहुंच घायल को शंकरगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



अवैध संबंध बना हत्या की वजह, पूर्व प्रेमिका ने पति के साथ मिलकर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर/राजपुर

- टांगी से सिर व धड़ किया अलग, पुलिस ने दम्पति को किया गिरफ्तार, जांच जारी

दो दिनों से लापता ग्रामीण का सिर कटा शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवक का खेत के समीप गड्ढे में सिर कटा हुआ सिर मिला था जबकि पुलिस ने मृतक का बॉडी भी बरामद कर लिया। इस बीच पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए दम्पति को गिरफ्तार किया है। युवक की हत्या का मुख्य कारण अवैध संबंध बना। मृतक और आरोपी महिला के बीच वर्षों से अवैध संबंध था लेकिन बाद में आरोपी महिला ने उससे रिश्ता तोड़ लिया लेकिन मृतक लगातार उससे संबंध बनाना चाह रहा था। ऐसे में दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी और शव को ठिकाने लगा दिया। पुलिस ने दम्पति को गिरफ्तार करने के साथ ही जेल भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि ग्राम कोदौरा निवासी 36 वर्षीय वसीम अंसारी दो अक्टूबर की शाम अपनी एक्टिवा स्कूटी क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 3388 से गांव जाने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन देर रात तक युवक वापस नहीं लौटा। युवक के घर नहीं आने पर परिजन द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी, इस बीच उसकी स्कूटी मक्का बाड़ी के पास मिली थी लेकिन युवक का कोई सुराग नहीं मिला जिसके बाद मृतक के भाई अमीम अंसारी ने घटना की सूचना डौरा पुलिस से की थी। सूचना के बाद पुलिस द्वारा अपहरण का मामला दर्ज कर जांच की जा रही थी। इसी बीच 4 अक्टूबर को ग्राम भीतर चिल्मा उबका जंगल में नाला के पास एक कटा हुआ सिर मिला था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम, फोरेंसिक एक्सपर्ट, डॉग स्क्वायड की टीम घटना स्थल पर पहुंची थी। पुलिस ने कटे हुए सिर से मृतक की पहचान वसीम अंसारी के रूप में की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी वैभव बैंकर ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में जांच के दौरान थाना प्रभारी पस्ता पुष्प राज साहू व पुलिस टीम ने संदेह के आधार पर सोनू खैरवार और उसकी पत्नी मनबासो को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि मृतक वसीम अंसारी और आरोपी मनबासो का वर्षों से अवैध संबंध था। इस बात की जानकारी उसके पति को भी हो गई थी जिसके बाद महिला ने वसीम अंसारी से संबंध तोड़ लिया था लेकिन मृतक बार बार महिला पर दबाव बना रहा था। इसी लिए दोनों ने उसके हत्या की योजना बनाई।

⏭ शेष पेज 2 पर

शिविर में ग्रामीणों को मिली एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाएं

मनेन्द्रगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मनेन्द्रगढ़ विकासखंड में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के मैदान में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न विभागों की सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं से जोड़ना रहा। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन पहुंचे और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक सेवाओं का लाभ लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष जानकी बाई कुसरो, कलेक्टर संतन देवी जांगड़े, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंकिता सोम, जनपद मुख्य कार्यपालन अधिकारी वैशाली सिंह, तहसीलदार श्रुति धुर्वे, समीर शर्मा, जनपद सदस्य, समस्त सरपंचगण, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पानी समझ कर मासूम ने पी ली शराब, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- घर में खेल रहा था बालक उपचार के दौरान हुई मौत

घर में खेल रहा मासूम पानी समझ कर प्लास्टिक बॉटल में रखे महुआ शराब को पी लिया। परिजन मासूम को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार कोरबा अंतर्गत ग्राम पसान काशी मूड पुलापुर निवासी मनीष कुमार आ. शिवलाल सिंह (3 वर्ष) 29 सितंबर को घर में खेल रहा था जबकि मां फुल कुंवर काम कर रही थी। इसी बीच मासूम ने घर में प्लास्टिक बॉटल में रखे महुआ शराब को पानी समझ कर पी लिया। शराब पीने के बाद मासूम उल्टी करने लगा। शाम को जब पिता काम कर घर लौटा तो पत्नी ने मनीष के शराब पी लेने की बात बताई। उल्टी करने के बाद मनीष की हालत में सुधार आया लेकिन दूसरे दिन अचानक तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर परिजन उसे खड़गवां अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद चिरमिरी अस्पताल भेज दिया जहां चिकित्सकों ने मासूम की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान गत दिन मासूम की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

नदी की तेज धार में फंसा युवक, दो घंटे के रेस्क्यू के बाद निकाला गया बाहर



रामानुजगंज। रविवार की शाम उस समय अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब रामानुजगंज आ रहा एक युवक नदी के बीच पानी के तेज बहाव में फंस गया। इधर घटना की सूचना पर पुलिस की रेस्क्यू टीम ने न सिर्फ साहस का परिचय दिया बल्कि समय रहते युवक को नदी के बीच से सुरक्षित बाहर निकाल युवक की जान बचाई।

जानकारी के अनुसार रविवार शाम करीब 7 बजे ग्राम पुरानडीह निवासी 30 वर्षीय मनोज मांझी रामानुजगंज आ रहा था। जैसे ही युवक नदी पार करने लगा और नदी के बीच पहुंचा तभी पानी के तेज बहाव में नदी के बीचो-बीच फंस गया। अंधेरा होने और नदी में पानी की तेज आवाज के कारण उसकी मदद की पुकार काफी कम सुनाई दे रही थी। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने युवक की आवाज सुनी और तत्काल इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को दी गई। सूचना मिलते ही रामानुजगंज थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे और युवक को सुरक्षित निकालने के लिए तत्काल रेस्क्यू की व्यवस्था शुरू की गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रमन अग्रवाल ने दयाल विश्वास एवं उनकी टीम से संपर्क कर मदद के लिए मौके पर पहुंचने की बात कही। कुछ ही देर में दयाल विश्वास के नेतृत्व में उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद एएसआई राधेश्याम विश्वकर्मा, संजू तिवारी सहित रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने साहस का परिचय देते हुए नदी की तेज धार को पार कर युवक तक पहुंचने का प्रयास किया। करीब दो घंटे तक चले जोखिम भरे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मनोज मांझी को सुरक्षित बाहर निकाला गया। युवक के सुरक्षित बाहर आने के बाद मौके पर मौजूद लोगों और पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने रेस्क्यू में साहस और तत्परता दिखाने वाली दयाल विश्वास एवं उनकी टीम को 5 हजार तथा पुलिस प्रशासन को भी 5 हजार रुपए की राशि इनाम स्वरूप प्रदान की। समय रहते सूचना मिलने और पुलिस प्रशासन, नगर पालिका तथा स्थानीय रेस्क्यू टीम के समन्वित प्रयास से युवक की जान बचाई जा सकी। इस दौरान रेस्क्यू टीम के सदस्यों ने तेज बहाव और अंधेरे के बीच जिस साहस का परिचय दिया, उसकी मौके पर मौजूद लोगों ने सराहना की।

आज अम्बिकापुर-निजामुद्दीन एक्सप्रेस को दिखाई जाएगी हरी झण्डी

डीआरएम ने लाइन दोहरीकरण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



चर्चा करते डीआरएम।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक सोमवार सुबह दुर्ग-अंबिकापुर एक्सप्रेस में अटैच सैलून से अंबिकापुर पहुंचे,कुछ देर विश्राम करने के बाद उन्होंने सूरजपुर-बैरीडांड रेल लाइन दोहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया,इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया,यहां उन्होंने सूरजपुर स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इसके बाद डीआरएम अदानी की परसा-केते साइडिंग पहुंचे, जहां उन्होंने कोयला लदान व्यवस्था का जायजा लिया तथा प्रबंधन के साथ डिस्पैच बढ़ाने को लेकर चर्चा की,निरीक्षण के बाद देर शाम वे अंबिकापुर रेलवे स्टेशन लौट आए। रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को वे अंबिकापुर-दिल्ली द्विसाप्ताहिक ट्रेन के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे।

अंबिकापुर रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह साढ़े सात बजे आयोजित समारोह में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, महापौर मंजूषा भगत सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ट्रेन को हरी झंडी दिखाई जाएगी। समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।द्विसाप्ताहिक ट्रेन संख्या 22407 अंबिकापुर-दिल्ली मंगलवार और गुरुवार को अंबिकापुर से रवाना होगी, जबकि ट्रेन संख्या 22408 दिल्ली-अंबिकापुर रविवार और मंगलवार को संचालित होगी।अंबिकापुर स्टेशन प्रबंधक ने बताया कि उदघाटन समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

सूरजपुर में रेल कर्मियों ने डीआरएम को मांग पत्र सौंपा

सूरजपुर स्टेशन में निरीक्षण के दौरान डीआरएम को कर्मचारी नेता संदीप तिवारी की अगुवाई में रेल कर्मियों से संबंधित मांगो का ज्ञापन सौंप उनसे निराकरण की मांग रखी है।

खबर संक्षेप

शासकीय अस्पताल बिजुरी में रक्तदान शिविर



बिजुरी। नगर के शासकीय अस्पताल बिजुरी में सोमवार, को जिला अनूपपुर ब्लड बैंक के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल कर्मियों, महाविद्यालयीन विद्यार्थियों एवं नगर के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कुल 15 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में शासकीय महाविद्यालय के 5 विद्यार्थी, शासकीय अस्पताल के 5 कर्मचारी तथा नगर के 5 नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस दौरान रक्तदाताओं की आवश्यक स्वास्थ्य जांच के बाद रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. के.एल. दीवान ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ एवं पात्र व्यक्तियों को समय-समय पर स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में रक्तदान सुरक्षित प्रक्रिया है और रक्तदान के बाद शरीर अपने रक्त की पूर्ति की प्रक्रिया शुरू कर देता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के उपचार में उपयोगी साबित होकर उसका जीवन बचाने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि रक्त की आवश्यकता दुर्घटना में घायल मरीजों, गंभीर रूप से बीमार लोगों, प्रसव के दौरान अधिक रक्तस्राव वाली महिलाओं तथा विभिन्न चिकित्सकीय परिस्थितियों में पड़ सकती है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदाताओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। शिविर के माध्यम से नागरिकों एवं युवाओं को रक्तदान करें, जीवन बचाएं का संदेश दिया गया। अस्पताल प्रबंधन एवं ब्लड बैंक टीम ने रक्तदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

पृष्ठ 1 का शेष

अवैध संबंध बना...

पहले टांगी से हमला कर की हत्या, फिर शव के टुकड़े - आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि योजना के तहत आरोपी मनबासो ने वसीम अंसारी को मिलने के लिए बुलाया। घर के समीप भीतर चिल्ला उबका जंगल में मुलाकात के दौरान महिला ने धोखे से कुल्हाड़ी से हमला कर युवक की हत्या कर दी और दोनों ने मिलकर उसके सिर को धड़ से अलग करने के बाद टुकड़ों को अलग अलग फेंक दिया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर धड़ बरामद करने के बाद शव पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया। इसके साथ ही पुलिस ने पस्ता थाना डौरा चौकी अंतर्गत ग्राम कोटडीह निवासी 30 वर्षीय सोनू खैरवार आ. मदिरा खैरवार, 24 वर्षीया मनबासो पति सोनू खैरवार को बीएनएस की धारा 140(3), 103 (1), 34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चल रही है जांच - शिकायत दर्ज कराई गई थी कि युवक 2 अक्टूबर को घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। युवक की स्कूटी खेत में मिली थी। इस बीच खेत के समीप कटा हुआ सिर मिला था। जांच में दम्पति को हिरासत में लिया गया। जांच में यह बात सामने आई कि मृतक का आरोपी महिला के साथ अवैध संबंध था। महिला सम्बन्ध नहीं रखना चाहती थी लेकिन मृतक दबाव बना रहा था। इसलिए उन्होंने युवक को फोन कर बुलाया और उसकी हत्या कर दी। दोनों को गिरफ्तार किया है और विवेचना चल रही है।

-विश्व दीपक त्रिपाठी
एएसपी बलरामपुर

झुमका पर्यटन स्थल तक पहुंचना भी मुश्किल, गड्ढों से होकर माता के दरबार पहुंचेंगे भक्त

ओड़गी मुख्य मार्ग के साथ सागरपुर सड़क बदहाल

नवरात्र से पहले जर्जर सड़कों ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की हालत बीते कुछ दिनों से लगातार जर्जर होती जा रही है। शारदीय नवरात्र का शुभारंभ होने वाला है, ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शहर के दुर्गा पंडालों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचेंगे। जर्जर सड़कों और जगह-जगह बने खतरनाक गड्ढों के कारण श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

जिला मुख्यालय से लगे ओड़गी मार्ग की स्थिति भी इसी तरह की बनी हुई है। जानकारी के अनुसार शहर के ओड़गी तिराहा से ओड़गी जाने वाली मुख्य सड़क कई स्थानों पर जर्जर हो चुकी है। बारिश के दौरान सड़क पर नए गड्ढे बन गए हैं। कई स्थानों पर गड्ढे इतने गहरे हो गए हैं कि दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को संभलकर आवाजाही करनी पड़ रही है। इसके बावजूद सड़क के गड्ढों को सुरक्षित तरीके से भरने की दिशा में अब तक अपेक्षित पहल नहीं हुई है। प्रतिदिन इस मार्ग से बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। नवरात्र पर्व को देखते हुए ओड़गी मुख्य मार्ग सहित सागरपुर और झुमका पर्यटन स्थल

झुमका पर्यटन स्थल का पहुंच मार्ग उपेक्षित

पर्यटन को बढ़ावा देने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन पर्यटन स्थलों तक पहुंचने वाले मार्गों की बदहाली पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर से लगे ग्राम ओड़गी में झुमका बांध प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां शहर के अलावा जिले और दूसरे क्षेत्रों से भी लोग पहुंचते हैं। ऐसे में झुमका पर्यटन स्थल तक पहुंचने वाले प्रमुख मार्ग की बदहाल स्थिति पर्यटकों और स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। पर्यटन स्थल तक बेहतर सड़क सुविधा नहीं होने से पर्यटन गतिविधियों पर भी प्रतिकूल असर पड़ सकता है।

सागरपुर मार्ग भी हुआ जर्जर

ओड़गी से लगे ग्राम सागरपुर जाने वाले मार्ग की स्थिति भी कई स्थानों पर खराब हो चुकी है। भगवान गणेश की प्रतिमाओं के विसर्जन से पहले झुमका तट स्थित कुंड तक पहुंचने वाले मार्ग पर सागरपुर के मुख्य मार्ग के गड्ढों को अस्थाई तौर पर भरा गया था। बारिश के बाद सड़क पर डाली गई गिट्टी कई स्थानों से बाहर निकल गई है और फिर से गड्ढे बनने लगे हैं। इससे इस मार्ग से आवाजाही करने वाले ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

तक पहुंचने वाले मार्ग की स्थिति सुधारने की जरूरत है। जिम्मेदार विभाग को तत्काल गड्ढों का भराव कर सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना चाहिए, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

नवरात्र में बढ़ेगा आवागमन

आने वाले दिनों में शारदीय नवरात्र शुरू होने के साथ ओड़गी मार्ग पर आवाजाही और बढ़ने की संभावना है। शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु ओड़गी क्षेत्र में माता के दर्शन के लिए पहुंचेंगे। ऐसे में जर्जर सड़क और खतरनाक गड्ढे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। समय रहते यदि सड़क के गड्ढों को सुरक्षित तरीके से भर दिया जाए तो श्रद्धालुओं को काफी राहत मिल सकती है।



ओपीडी में पर्ची के लिए लगती है भीड़

बैकुण्ठपुर। जिला अस्पताल बैकुण्ठपुर में इलाज के लिए पहुंचने वाले जिले के दूर-दराज और वनांचल क्षेत्रों के साथ पड़ोसी जिलों के मरीजों की बढ़ी संख्या व उनके परिजनों की परेशानी अस्पताल की नई डिजिटल व्यवस्था से बढ़ गई है।

ओपीडी पर्ची काउंटर पर आभा एप डाउनलोड कराया जा रहा है, काउंटर पर तैनात कर्मचारियों द्वारा मरीजों व परिजनों से पहले स्मार्टफोन में आभा एप डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है। इसके बाद ही ओपीडी पर्ची बनाए जाने की बात कही जाती है। डिजिटल हेल्थ मिशन को बढ़ावा देने के लिए लागू की गई इस व्यवस्था से स्मार्टफोन नहीं रखने वाले ग्रामीण, बुजुर्ग और अशिक्षित मरीजों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिला अस्पताल के ओपीडी पर्ची काउंटर पर सुबह निर्धारित समय से ही मरीजों और उनके परिजनों की कतार लग जाती है। अपनी बारी आने पर जब उनसे आभा एप डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है तो परेशानी शुरू हो जाती है। स्मार्टफोन रखने वाले मरीजों और परिजनों को किसी तरह एप डाउनलोड करने में सहायता मिल जाती है, लेकिन दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले ऐसे मरीज और परिजन जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है अथवा केवल की-पैड वाला मोबाइल है, उन्हें पर्ची बनवाने के लिए घंटों भटकना पड़ता है। मरीजों और परिजनों की सुविधा को देखते हुए जिला अस्पताल के ओपीडी पर्ची काउंटर पर डिजिटल व्यवस्था के साथ समानांतर मैनुअल काउंटर भी संचालित किए जाने की जरूरत है। इससे स्मार्टफोन नहीं रखने वाले मरीजों को बिना किसी तकनीकी बाधा के तत्काल ओपीडी पर्ची जारी की जा सकेगी। विशेषकर बुजुर्ग, गंभीर रूप से बीमार, अशिक्षित और दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के लिए प्राथमिकता के आधार पर बिना तकनीकी शर्त के पर्ची जारी करने की व्यवस्था होनी चाहिए।

मरीजों की सुविधा से ज्यादा डिजिटल प्रक्रिया पर जोर

प्रत्येक मरीज का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड तैयार करने की व्यवस्था स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन इसके साथ मरीजों की सुविधा का भी ध्यान रखना जरूरी है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्रामीण और बुजुर्ग मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें कई लोग स्मार्टफोन और डिजिटल एप के इस्तेमाल से परिचित नहीं हैं। ऐसे मरीजों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने से डिजिटल प्रक्रिया ही उनके लिए परेशानी का कारण बन रही है। मरीजों और उनके परिजन का कहना है कि डिजिटल व्यवस्था लागू करने के साथ अस्पताल प्रबंधन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इसके कारण किसी मरीज को इलाज के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। जिला अस्पताल में लंबे समय से आभा एप के माध्यम से ओपीडी पर्ची बनाए जाने को लेकर सामने आ रही परेशानियों को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों से व्यवस्था की समीक्षा कर मैनुअल काउंटर शुरू करने की मांग की जा रही है।

दूरस्थ गांवों को मिली रफ्तार 4 बसों ने आसान किया सफर



जनकपुर। एमसीबी जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचल में आवागमन की समस्या को कम करने के लिए मुख्यमंत्री ग्रामीण बस योजना के तहत परिवहन सुविधा का विस्तार किया गया है।

जिले में योजना के अंतर्गत चार बसों का संचालन विभिन्न ग्रामीण और महत्वपूर्ण मार्गों पर किया जा रहा है। नियमित बस सेवा शुरू होने से गांवों से शहर और प्रमुख बाजारों तक पहुंच आसान हुई है। विद्यार्थियों, किसानों, श्रमिकों, छोटे व्यापारियों और मरीजों के लिए यह सेवा रोजमर्रा के आवागमन का सहारा बन रही है। जिला परिवहन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में संचालित चार बसें चंवारीडांड-बैकुंठपुर, कचोहर-मनेन्द्रगढ़, जनकपुर-बड़वाही तथा जनकपुर-मलकडोल मार्ग पर चल रही हैं। इन मार्गों से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अब आवागमन के लिए निजी वाहन, किराए के महंगे साधन अथवा अनियमित परिवहन पर निर्भर नहीं रहना पड़ रहा है। बस सेवा उपलब्ध होने से ग्रामीणों के लिए आने-जाने का खर्च कम होने के साथ समय की भी बचत हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित बस सेवाओं का सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है। स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थानों तक पहुंचने के लिए विद्यार्थियों को अब अलग-अलग साधनों का सहारा कम लेना पड़ रहा है। नियमित बस सेवा से दूरस्थ गांवों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के अवसरों तक पहुंच आसान हुई है। विशेष रूप से ऐसे ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां निजी परिवहन सीमित है, वहां बस सेवा महत्वपूर्ण साबित हो रही है। बस सेवा का असर ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी दिखाई दे रहा है। किसान अपनी कृषि उपज और अन्य जरूरी कार्यों के लिए बाजारों तक आसानी से पहुंच पा रहे हैं। श्रमिकों को रोजगार वाले स्थानों तक आने-जाने में सुविधा मिल रही है। वहीं छोटे दुकानदार और व्यापार से जुड़े लोगों के लिए भी नियमित परिवहन सुविधा ने आवाजाही को सुगम बनाया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों और प्रमुख बाजारों के बीच संपर्क मजबूत हो रहा है।

मरीजों को अस्पताल पहुंचने में राहत

ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर परिवहन सुविधा का महत्वपूर्ण लाभ स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच के रूप में सामने आ रहा है। दूरस्थ गांवों से मरीजों और उनके परिजनों के लिए अस्पताल तथा स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचना अपेक्षाकृत आसान हुआ है। समय पर उपचार के लिए स्वास्थ्य संस्थानों तक पहुंच जरूरी होती है और नियमित बस सेवा ऐसे परिवारों के लिए राहत का माध्यम बन रही है, जिन्हें निजी वाहन या महंगे साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था।

किसान कर रहा था गांजे की खेती, आरोपी गिरफ्तार

राजपुर। बरियों पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए अभियान में सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक किसान की सब्जी की बाड़ी से 112 नग गांजे का पौधा बरामद करने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से साढ़े तीन लाख रुपए का गांजा का पौधा बरामद किया है और मामले की जांच चल रही है। जिले में नशीले पदार्थों की खेती, तस्करी, और अवैध कारोबार के मामले में कार्रवाई के लिए एसपी वैभव बैंकर द्वारा पुलिस, राजस्व व वन विभाग की संयुक्त बैठक ली गई थी। 3 अक्टूबर को बरियों अंतर्गत ग्राम खुखरी के हल्का पटवारी द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि गांव में फसल गिरदावरी करने के दौरान कबीर साय के सब्जी की बाड़ी में मादक पदार्थ गांजा के पौधे लगाए हुए पाए गए है। सूचना के बाद बरियों चौकी पुलिस ने एसपी वैभव बैंकर के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी, एसडीओपी कुसमी के नेतृत्व में मौके पर पहुंची।

कोयला श्रमिकों को पीएलआर का भुगतान 15 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र में कार्यरत कोयला श्रमिकों के लिए दुर्गा पूजा के अवसर पर बड़ी खुशखबरी सामने आई है। वर्ष 2025-26 के लिए कोयला कर्मचारियों को परफॉर्मेंस लिंक्ड रिवॉर्ड के रूप में 1 लाख 10 हजार 250 रुपए का भुगतान किए जाने का निर्णय लिया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह राशि 15 अक्टूबर तक कर्मचारियों के बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी। लंबे समय से इस भुगतान का इंतजार कर रहे कोयला कर्मियों के बीच निर्णय को लेकर उत्साह का माहौल है। कोयला उद्योग में कर्मचारियों को प्रत्येक वर्ष दुर्गा पूजा के अवसर पर परफॉर्मेंस लिंक्ड



रिवॉर्ड का भुगतान किया जाता है। यह भुगतान केंद्रीय श्रम संगठनों के साथ चर्चा के बाद तय किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 2025-26 के लिए पीएलआर की राशि निर्धारित की गई है। इससे एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र सहित कोयला उद्योग में कार्यरत पात्र कर्मचारियों को आर्थिक लाभ मिलेगा। वहीं, ठेकेदारों के माध्यम से एसईसीएल में कार्यरत ठेका श्रमिकों के लिए भी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी पात्र ठेका श्रमिकों को परफॉर्मेंस लिंक्ड इंसेंटिव के रूप में उनके वार्षिक अर्जित वेतन का 8.33 प्रतिशत, अर्थात लगभग एक माह के वेतन के बराबर राशि, भुगतान किए जाने की बात कही गई है। ठेका श्रमिकों के लिए यह भुगतान विशेष महत्व रखता है, क्योंकि बड़ी संख्या में मजदूर विभिन्न ठेका कार्यों के माध्यम से कोयला उत्पादन एवं उससे जुड़े कार्यों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में पात्र श्रमिकों को नियमानुसार मिलने वाले पीएलआई का पूरा लाभ दिलाना श्रमिक संगठनों के सामने एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। हिंद मजदूर सभा की ओर से कहा गया है कि ठेका श्रमिकों को उनके योगदान के अनुरूप वर्ष 2025-26 के पीएलआई का भुगतान उनकी पात्रता के अनुसार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। साथ ही श्रमिकों को यह भी जागरूक रहने की आवश्यकता है कि भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार के बिचौलिए या अन्य व्यक्ति द्वारा उनका आर्थिक शोषण न किया जा सके।

घर में घुसकर बर्तन चोरी का प्रयास, ग्रामीणों ने दो को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जनकपुर

एमसीबी जिले केल्हारी थाना क्षेत्र के ग्राम मोहरी में दिनदहाड़े घर में घुसकर चोरी करने का प्रयास करने वाले दो युवकों को ग्रामीणों ने पीछा कर पकड़ लिया। महिला के घर पहुंचने पर दोनों आरोपी सामान लेकर भागने लगे थे। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने बाइक से भाग रहे दोनों युवकों का पीछा किया और उन्हें पकड़कर पुलिस चौकी पहुंचाया।

मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दिए आवेदन के अनुसार ग्राम मोहरी निवासी राजकुमारी सिंह पति जमला सिंह जाति गोंड, उम्र करीब 25 वर्ष ने बताया कि रविवार को उसकी मां सब्जी तोड़ने के लिए घर से बाहर गई थी। करीब शाम 4.30



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बजे जब वह वापस घर लौटी तो उसने देखा कि दो अज्ञात व्यक्ति घर के अंदर घुसे हुए थे और चोरी करने की नीयत से सामान तलाश रहे थे। दोनों युवक घर से कांसे की बटकी चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। महिला को देखते ही दोनों युवक घर से बाहर निकलकर भागने लगे। महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने दोनों युवकों का पीछा किया। आरोपी मोटरसाइकिल से भागने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन ग्रामीणों ने दौड़ाकर उन्हें पकड़ लिया। इसके बाद दोनों को पुलिस चौकी ले जाया गया।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, पकड़े गए दोनों युवकों से नाम-पता पूछने पर एक ने अपना नाम सेनसाय तथा दूसरे ने अनिल बंसूल बताया। दोनों ग्राम रोकड़ा के निवासी बताए गए हैं। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि यदि समय रहते वह घर नहीं पहुंचती और शोर नहीं मचाती तो आरोपी घर से सामान चोरी कर ले जाते। उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस दस्तावेज के अनुसार प्रकरण की जांच के लिए प्रधान आरक्षक पीयूष एक्का को जांच अधिकारी बनाया गया है। घटना के बाद गांव में चोरी की कोशिश को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई।

नाम परिवर्तन सूचना

मै मंजूला एक्का पति सनीराम तिग्गा उम्र 29 वर्ष जाति उरांव निवासी ग्राम आरा पोस्ट बनेया तहसील व थाना सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूं। मेरी का आधार नम्बर 535885374635 मे नाम मंजुला तिग्गा (MANJULA TIGGA) आधार कार्ड में अंकित हो गया है। जो कि गलत है। मेरी नया नाम मंजुला एक्का (MANJULA EKKA) है जो की सही है वोटर आइडी के आधार से सुधार करवाना चाहती हूं वोटर आइडी में एपीक नम्बर SIZ1107333 यह है जो कि सही है। मेरी पुत्री का नाम वोटर आइडी मे सही है जो कि मै वोटर आइडी के आधार से सुधार कराना चाहती हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
मंजूला एक्का
पति सनीराम तिग्गा
निवासी- आरा पोस्ट बनेया तहसील व थाना सीतापुर जिला सरगुजा छ.ग.

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. /ब-121/2025-26

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुज कुमार पटेल आ.रामलखन पटेल, निवासी ग्राम धोंधा, तहसील प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम भगवानपुर खुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 96/1, 97/1 रकबा क्रमशः 0.020, 0.020 हे. के नक्शा में त्रुटि हो गया आवेदक द्वारा उक्त भूमि के नक्शा में हुए त्रुटि को सुधार किये जाने का निवेदन किया गया है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जो जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 30/10/2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 05/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

TOP IN SURGUJA


सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ. दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 11 अक्टूबर 2026, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

प्राकृतिक उपचार • आयुर्वेदिक समाधान • बेहतर जीवन
आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा इलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे हैं अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए
परामर्श शुल्क 500₹
मिलने का समय:- दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक
विशेष लाभ
रूहानी जड़ी-बूटी से इलाज
प्राकृतिक एवं सुरक्षित उपचार
बिना ऑपरेशन, बिना साइड इफेक्ट
गुप्त और विश्वसनीय सेवा
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386
आपका विश्वास हमारी पहचान

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
कुशल, अनुभवी एवं संवेदनशील
विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे, शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध
प्रकाश हॉस्पिटल
मो. 9713667433, 9617247433

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
CGHS से मान्यता प्राप्त
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

कल्याणपुर मुख्य चौक पर अतिक्रमण नाराज ग्रामीण पुनः करेंगे चक्काजाम

बिश्रामपुर। ग्राम कल्याणपुर के मुख्य चौक और प्रतापपुर मार्ग के आसपास शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे तथा सड़क किनारे लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के विरोध में 24 सितंबर को हुए चक्काजाम उपरांत जारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है, मामले में कोई उचित कार्यवाही नहीं होने पर आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा पुनः 7 अक्टूबर दिन बुधवार को कल्याणपुर चौक स्थित प्रतापपुर मार्ग पर सड़क पर चक्काजाम किया जाएगा।सूरजपुर कलेक्टर को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा उल्लेख किया गया है कि अवैध बेजा कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व 24 सितंबर को भी चक्काजाम किया गया था, जिसमें नायब तहसीलदार बिन्देश्वर प्रजापति द्वारा 4-5 दिनों में अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ जांच उपरान्त बेदखली कार्रवाई किए जाने लिखित आश्वासन दिया गया था, लेकिन उक्त आश्वासन पर केवल कोरमपूर्ति करके अवैध कब्जा धारियों के खिलाफ आज तक बेदखली की कार्रवाई नहीं की गई है जिससे मामला लंबित रह गया है, इस मामले में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। बेदखली कार्यवाही नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने अब 7 अक्टूबर को पुनः कल्याणपुर चौक के पास चक्काजाम किये जाने की सूचना प्रशासन को दे दी है।

विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन



अंबिकापुर। सोमवार को विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज ने जनपद पंचायत क्षेत्र में करोड़ो रूपए के विकास कार्य की सौगात दी। विधायक ने घंघरी रूखपुर चौक से कंचनपुर होते हुए अखोरा तक9 करोड़ 47 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन किया। विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद सड़क निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। इस दौरान जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, श्रीमती अरूणा सिंह, संतोष जायसवाल, जनपद सदस्य विजय व्यापारी, राजेश राजवाडे, श्रीमती भुवनेश्वरी पैकरा, श्रीमती अनामिका पैकरा, श्रीमती हिरुलीया पैकरा, श्रीमती सुमित्रा पैकरा, सरपंच श्रीमती भारती राजवाड़े, बीडीसी करन पैकरा, उप सरपंच श्रीमती जानकी आंडिल्य, प्रेमानंद तिग्गा, मनीष ली सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लिया जनसेवा को आगे बढ़ाने का संकल्प



वाड्रफनगर। वाड्रफनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही जल जन सेवा संकल्प यात्रा के क्रम में स्टेडियम ग्राउंड में लाभार्थी योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जनसेवा और जनकल्याण भाजपा की प्राथमिकता है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना जनसेवा का उद्देश्य है। जल जन सेवा संकल्प यात्रा के माध्यम से सेवा, जनसंपर्क और जनकल्याण के संदेश को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकहरिहा, विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मंगलम पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी, सोबरन कुशवाहा, नपं अध्यक्ष मानसिंह, मंडल महामंत्री अनिरूद्ध यादव एवं राजेंद्र व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

आध्यात्मिक संदेश यात्रा के पहुंचने पर निकली शोभायात्रा



वाड्रफनगर। राष्ट्रव्यापी स्ववेंद संदेश यात्रा का नगर में उत्साह के साथ शोभायात्रा निकालकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर संत विज्ञानदेव के पहुंचने पर समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव के लिए सेवा करने का संकल्प लिया गया। आध्यात्मिक सत्संग के दौरान पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा को महर्षि सदाफलदेव द्वारा स्ववेंद की प्रति संत विज्ञानदेव ने भेंट की। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष प्ररंजय मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाशदीप पटेल, अशोक यादव, नवनीत सिंह, गोपीशरण कुशवाहा सहित विहंगम योग संत समाज के अनुयायी उपस्थित थे।

नगरीय क्षेत्र विकास से कोसों दूर, मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे लोग

जिला मुख्यालय में 23 साल बाद भी स्टेडियम ग्राउंड, टाउन हॉल व मुक्तिधाम निर्माण अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले के विकास में जिला मुख्यालय की भूमिका अहम होती है। ऐसे में जिला मुख्यालय ही विकास से कोसो दूर हो तो जिले के अन्य विकास खंड की स्थिति कैसी होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति बलरामपुर जिला मुख्यालय की है। जिला मुख्यालय बलरामपुर नगरिया क्षेत्र को बने हुए 23 वर्ष हो गए लेकिन अभी तक यह नगरीय क्षेत्र विकास से कोसों दूर है और लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी जूझना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय में कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्माण आज तक अधूरे है लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और जिले के लोग दूसरे जिले शहर के ऊपर निर्भर रहने को मजबूर है।

खास बात

- लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग आज तक नहीं हुआ पूर्ण

बलरामपुर को ग्राम पंचायत से उन्नयन करके साल मई 2003 में नगर पंचायत बनाया था। जब से बलरामपुर में टाउन हॉल के लिए लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग थी। इस मांग को पूरे होने में 11 वर्ष बीत गए। वर्ष 2014 में यह मांग पूरा हुआ इसके बाद वर्ष 2014 में तत्कालीन कलेक्टर की पहल पर नगर पंचायत द्वारा करोड़ों की लागत से निर्माण प्रारंभ कराया गया कराया गया लेकिन जितनी राशि सरकार से प्रदान किए गए थे इतने में निर्माण पूरा नहीं हुआ और ठेकेदार ने हाथ खड़े कर दिए जिससे निर्माण कार्य अधूरा रह गया। इसी दौरान तात्कालिक कलेक्टर का तबादला हो गया और निर्माण कार्य ठंडे बस्ते में चला गया तब से लेकर आज तक कई कलेक्टर जिले में आए और चले गए और नगर पंचायत में भी कितने का सीएमओ आए और चले गए और अब जिला मुख्यालय नगर पंचायत से नगर पालिका भी बन गया। ग्राम पंचायत से नगर पालिका बने हुए 23 साल का समय बीत गया लेकिन जिला मुख्यालय में एक टाउन हॉल नहीं बन सका। वर्ष 2024 -25 में तात्कालिक सीएमओ द्वारा राज्य शासन से प्रयास करके टाउन हॉल के लिए बजट पास कराया था लेकिन इसी बीच सीएमओ का भी ट्रांसफर हो गया और और प्रक्रिया अधर में लटक गया।



निर्माणाधीन भवन।

टाउन हाल की कमी

जिला मुख्यालय में टाउन हॉल की कमी अब लोगों को खलने लगा है। शादी विवाह बृहद पार्टी कार्यक्रम आदि के लिए लोगों को कई परेशानी के दौर से गुजरना पड़ता है। जो टाउन हॉल कम लागत में लोगों को मिलता है लेकिन टाउन हाल की कमी के कारण लोग प्राइवेट सेक्टरों के माध्यम से शादी विवाह पार्टी आदि कार्यक्रमों के लिए महंगे दामों में बुक करते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि 23 साल में जिला मुख्यालय में एक टाउन हॉल नसीब नहीं हो सका जिससे लोगों को कार्यक्रमों के लिए दूसरे शहर या जिले में जाना पड़ रहा है।

जल्द निर्माण करने का दावा

नगरीय प्रशासन का दावा है कि टाउन हॉल का निर्माण जल्द प्रारंभ होगा और लोगों को इसकी सुविधा मिलेगी। लेकिन नगरीय प्रशासन का दावा कितना सच निकलता है और लोगों को कितने दिनों में सुविधा मिल पाता है यह तो आने वाले समय पर निर्भर है। क्षेत्र के लोगों का भी कहना है कि जितना धीमी गति से बलरामपुर नगरीय क्षेत्र का विकास हो रहा है उसे तो बेहतर ग्राम पंचायत है, जहां विकास के लिए 23 वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ता है बल्कि कुछ साल के भीतर ही पंचायत का विकास हो जाता है।

कई निर्माण हैं अधूरे

जिला मुख्यालय में टाउन हाल के अलावा कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्माण आज भी अधूरे है। नगरीय क्षेत्र में 23 वर्षों में एक टाउन हॉल नहीं बल्कि स्टेडियम ग्राउंड, हाईटेक मुक्तिधाम के अलावा कई प्रमुख प्रोजेक्ट अधूरे भ्वरह चुके हैं जिसे अब पूरे होने की आशा लोगों में है। लेकिन लोगों की आस कब पूरा होगा यह तो यह तो समय पर निर्भर है।

लग सकता है समय

राज्य शासन से टाउन हॉल के लिए बजट पास हुआ था जिसमें लगभग 3.50 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। पिछले दिनों इसका टेंडर भी हुआ लेकिन रेट अधिक होने से निरस्त कर दिया गया था। दोबारा टेंडर पास होता है तो कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कार्य पूरे होने में लगभग एक से डेढ़ वर्ष लग सकते हैं। इसके बाद लोगों को टाउन हॉल की सुविधा मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

-दीपक एक्का
मुख्य नगर पालिका अधिकारी



बिना नोटिस सफाई कार्य से हटाए जाने पर समूह की सदस्यों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से साफ-सफाई का कार्य कर रहे सरस्वती स्व-सहायता समूह को बिना पूर्व सूचना, नोटिस एवं स्पष्ट कारण बताए कार्य से हटाए जाने को लेकर समूह ने आपत्ति जताई है।

- समूह ने जांच व 31 मार्च तक कार्य जारी रखने की मांग की

समूह का आरोप है कि उसे हटाने के बाद बिना पारदर्शी निविदा, प्रक्रिया अपनाए किसी अन्य पसंदीदा व्यक्ति या समूह को सफाई कार्य दिए जाने की स्थिति सामने आई है। समूह ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट करने की मांग की है। समूह ने बताया कि सरस्वती स्व-सहायता समूह लंबे समय से स्वास्थ्य केंद्र में सफाई कार्य करता रहा है तथा कोरोना महामारी के दौरान भी सदस्यों ने अपनी सेवाएं जारी रखीं। इसके बावजूद बिना नोटिस और अपना पक्ष रखने का अवसर दिए कार्य से हटाए जाने से समूह से जुड़े कर्मचारियों की आजीविका प्रभावित हो रही है। 26 सितंबर को क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति की बैठक में सरस्वती स्व-सहायता समूह को 30 सितंबर तक कार्य जारी रखने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बावजूद कार्य से हटाए जाने की स्थिति पर समूह ने सवाल उठाए हैं। सरस्वती स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष कुंती बाई ने कलेक्टर,सीएमएचओ एवं बीएमओ को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर सफाई कार्य आवंटन की प्रक्रिया, निविदा एवं चयन से संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं तथा यदि निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ है तो उचित कार्रवाई की जाए।

समूह ने यह भी मांग की है कि मामले पर पुनर्विचार करते हुए 31 मार्च तक सरस्वती स्व-सहायता समूह को सफाई कार्य जारी रखने का अवसर दिया जाए।

डीएवी स्कूल बिश्रामपुर में पदस्थ लाइब्रेरियन की हृदयघात से हुई मौत

बिश्रामपुर। नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में पदस्थ लाइब्रेरियन रामजी सिन्हा 55 वर्ष का हृदयाघात से सोमवार को निधन हो गया,बताया गया कि रविवार को अचानक सीने में तेज दर्द उठने पर परिजन उन्हें अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था,यहां के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उनका सोमवार को निधन हो गया।मूलतः अंबिकापुर निवासी मिलनसार व्यवहार के रामजी सिन्हा अपने पीछे दो पुत्री, पत्नी समेत भरपुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।उनके निधन की खबर पर डीएवी विद्यालय में दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं सोमवार को स्कुल की कक्षाओं का अवकाश रखा गया।



कम्प्रेशर मशीन में धमाका, दुकान में लगी आग

अंबिकापुर। शहर के नवापारा में तेज आवाज के साथ हुए धमाके के बाद हड़कंप मच गया। धमाका कार वाशिंग सेंटर में मौजूद कम्प्रेशर मशीन में हुआ था। कम्प्रेशर मशीन के फटने से दुकान में आग गई। धमाका इतना तेज था कि कम्प्रेशर मशीन का एक ढक्कन दूर जाकर दूसरे घर की छत पर गिरा। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू लिया।

बताया जा रहा है कि शहर के नवापारा चर्च मैदान के समीप स्थित कार वाशिंग सेंटर में संचालक द्वारा कम्प्रेशर मशीन में हवा भरने का काम किया जा रहा था। इस दौरान संचालक कम्प्रेशर मशीन को चालु करके चले गए और बंद करना भूल गए। कम्प्रेशर मशीन में प्रेशर अधिक बढ़ने के कारण ही धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आस पास के लोग दहशत में आ गये। कम्प्रेशर मशीन का ढक्कन भी दूर जाकर गिरा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने समय रहते आग पर काबू पाया। इधर इस घटना से बड़ी लापरवाही सामने आई है। गनीमत थी कि घटना के समय आस पास कोई नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।



मोरभंज डेम के समीप शराब पी कर वाहन चलाने वालों पर पुलिस संयुक्त दल ने की कार्रवाई, छह वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम मोरभंज डेम के पास मौज-मस्ती की आड़ में शराबखोरी कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ जयनगर पुलिस एवं यातायात पुलिस के संयुक्त दल ने कार्रवाई करते हुए छह चारपहिया वाहनों को जब्त किया है,पुलिस ने शराब के नशे में वाहन चलाने वाले लोगों के विरुद्ध मोटर वेहिकल एक्ट एवं संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देश पर रविवार की शाम जयनगर पुलिस एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने मोरभंज पर्यटन स्थल पर दबिश दी,पुलिस टीम के पहुंचते ही वहां शराबखोरी कर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर संदिग्ध वाहन चालकों की जांच की, जिसमें शराब के नशे में वाहन चलाने वाले छह लोगों के वाहन क्रमांक सीजी 15 ईई 3599, सीजी 15 डीएल 2979, सीजी 04 टीई 4247, सीजी 12 एजी 2111, जेएच 01 सीए 7431 को जब्त कर लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर शराबखोरी के बाद वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना बताया जा रहा है। अक्सर पर्यटन स्थलों पर शाम के समय बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में शराब सेवन कर वाहन चलाने से न केवल संबंधित व्यक्ति की जान जोखिम में पड़ती है, बल्कि अन्य पर्यटकों एवं राहगीरों की सुरक्षा पर भी खतरा बनता है।संयुक्त कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अमित गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक शशिशेखर तिवारी एवं यातायात प्रभारी बृजकिशोर पांडेय सहित अन्य पुलिस स्टाफ सक्रिय रहे ।





प्रतापपुर पहुंची सेवा संकल्प अभियान बाइक रैली

प्रतापपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही बाइक रैली सोमवार को प्रतापपुर पहुंची। गणेशपुर चौक में भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रैली का जोरदार स्वागत किया। युवा मोर्चा प्रतापपुर के नेतृत्व में करीब 200 बाइक के साथ रैली गणेशपुर चौक से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंगल भवन पहुंची। रैली का नेतृत्व विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने किया। मंगल भवन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में करीब 500 युवाओं ने सहभागिता की। मंगल भवन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं ने सेवा, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने युवाओं से समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की बात कही। इस दौरान अवधेश चंदेल, शिवनाथ यादव, जितेंद्र देवांगन, लोकेश साहू, दीक्षा अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अवधेश पाण्डेय, मानती योगेंद्र सिंह सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



रक्तदान से जरूरतमंदों को मिलता है जीवन का संबलः राजवाड़े

सूरजपुर। स्वैच्छिक रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक सहयोग है। आपात स्थिति में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जागरूक नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। उक्त बाते स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुई मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कही। उन्होंने युवाओं सहित सभी पात्र नागरिकों से रक्तदान के लिए आगे आने और दूसरों को भी प्रेरित करने की बात कही।

- शिविर में 11 लोगों ने किया रक्तदान, 77 नागरिकों की हुई स्वास्थ्य जांच



मंत्री श्रीमती राजवाड़े सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड भैयाथान के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलका में आयोजित रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल हुईं। शिविर में 11 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और 77 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। मंत्री ने रक्तदाताओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि बीमारियों की समय पर पहचान और उपचार के लिए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आवश्यक है। नागरिक शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें और नियमित जांच कराएं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा और जनकल्याण के कार्यों से जोड़ने का अवसर है। स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और जरूरतमंदों की सहायता से जुड़ी गतिविधियों में सामूहिक सहभागिता से अभियान का उद्देश्य साकार होगा। श्रीमती राजवाड़े ने छुआछूत और भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर कर समानता, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने की बात कही। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि रक्तदान समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का ऐसा कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को रक्तदान के महत्व और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश सिंह, बीपीएम श्रीमती कंचन देवांगन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आरएचओ, सीएचओ, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

लरंग साय सेवा समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

लरंग साय सेवा समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सनातन संत समाज के अध्यक्ष संत वबरूर वाहन महाराज, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल तथा सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा सहित समिति के अध्यक्ष राम लखन सिंह पैकरा की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी, संत गहिरा गुरु एवं स्व. लरंग साय के छायाचित्र पर धूप-दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राम लखन सिंह पैकरा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. लरंग साय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम माना तथा संत गहिरा गुरु के साथ मिलकर धर्म, संस्कृति एवं समाज को जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने स्व. लरंग साय के साथ अपने प्रारंभिक राजनीतिक जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि लरंग साय का संगठन और समाज के प्रति समर्पण आज भी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होंने उनके नाम से गांव में स्वागत द्वार बनाने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को अवसर देने तथा समाज को जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है।उन्होंने कहा कि लरंग साय सेवा समिति रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास और उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने लरंग साय वाटिका विकसित करने तथा वहां युवाओं के लिए नियमित साप्ताहिक एवं मासिक मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव भी दिया। सनातन संत समाज के अध्यक्ष संत वबरूर वाहन महाराज ने कहा कि स्व. लरंग साय ने संत गहिरा गुरु के साथ मिलकर गांव-गांव में सनातन धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण और समाज को जोड़ने का कार्य किया। इस दौरान मनोज गुप्ता, विवेक जायसवाल, जगवंशी यादव, श्रीमती चिंता भगत, विनय भगत, श्रीमती गीता देवी, रवि प्रताप सिंह, शिवशंकर सिंह मरावी, तिलासाय, अभय पैकरा, आशीष केसरी, दिनेश सिंह, दयाराम, रघुवीर भगत, उमाशंकर भगत, गणेश साय, धर्मेंद्र साय, सुखनंदन किसान, मोहन अग्रवाल, सत्यानंद पैकरा, बुधना राम पैकरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



जल, जन सेवा संकल्प यात्रा का भाजयुमो किया स्वागत

सूरजपुर। वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही जल, जन सेवा संकल्प यात्रा का सूरजपुर जिले में भव्य स्वागत किया गया। कोरिया की ओर से रूट क्रमांक 1 जिले में प्रवेश करने वाली इस यात्रा के तहत जिले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।यह यात्रा और सभी कार्यक्रम भाजयुमो के जिलाध्यक्ष देव गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुए। इस अवसर पर स्थानीय भाजयुमो कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया और देव गुप्ता के नेतृत्व में 500 स्थानीय बाइकर्स ने भी इस रैली में शामिल होकर यात्रा को एक विशाल स्वरूप प्रदान किया। दोपहर को कृष्णपुर - कलुआ में सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें वडनगर से चलकर आए भार्गव जानी ने शासन की योजनाओं के लाभार्थियों से वन टू वन संवाद किया। दोपहर बाद अग्रसेन चौक पर यात्रा के पहुंचने पर पुष्पवर्षा व ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद गंगा की आरती का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें बनारस के पुरोहितों की टीम ने गंगा की आरती बनारस के तर्ज पर मनमोहक ढंग से प्रस्तुत की और माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान विधायक भुलन सिंह मरावी, राहुल योगराज, शुभम जायसवाल, प्रिया सिंह, आनंद ताम्रकार, रामकृपाल साहू, अजय गोयल, सत्यनारायण सिंह, शशिकांत गर्ग,संदीप अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, दीपक गुप्ता, कौशल सिंह, यशवंत सिंह , रूपेंद्र कुशवाहा, अविनाश सहवाल, सहीम अंसारी, सत्यम विश्वकर्मा, मित्तल पाण्डेय, सुजीत सिंह, दीक्षित वर्मा, सोनू साहू, विशाल गुप्ता, रोशन गुप्ता, विष्णु सोनी, राजकुमार यादव, संजीव गुप्ता, हरिनारायण साहू, मंटू गुप्ता, बंटी ठाकुर, शैलेंद्र कुशवाहा, हर्ष गुप्ता उपस्थित रहे।



खबर संक्षेप

मैयाथान में 8 से 10 अक्टूबर तक गूंजेगा खेलों का रोमांच

सलका अघिना। ग्रामीण अंचलों की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने और युवाओं को खेलों के जरिए मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 अक्टूबर तक किया जाएगा। तीन दिनों तक चलने वाली खेल प्रतियोगिता मैयाथान विकासखण्ड के ग्राम पंचायत समौली के स्टेडियम में आयोजित होगी, जहां अलग-अलग खेलों में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन करेंगे। छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर आयोजित इस प्रतियोगिता में विकासखंड की सभी ग्राम पंचायतों, शासकीय-अशासकीय शिक्षण संस्थानों सहित विभिन्न स्तरों से खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के माध्यम से भी ग्रामीण और आदिवासी अंचल की छिपी खेल प्रतिभाओं को प्रतियोगिता से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों का पंजीयन कराया गया है। जिन खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, उन्हीं को प्रतियोगिता में भाग लेने की अनुमति होगी। प्रतियोगिता के तहत 8 अक्टूबर को एथलेटिक्स और वॉलीबॉल के मुकाबले होंगे। 9 अक्टूबर को खेल का रोमांच और बढ़ेगा। इस दिन कबड्डी, खो-खो, तीरंदाजी और बास्केटबॉल के मुकाबले होंगे। इसके बाद 10 अक्टूबर को प्रतियोगिता के अंतिम दिन फुटबॉल, बैडमिंटन, रस्साकशी और कराटे की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 8 से 10 अक्टूबर तक समौली स्टेडियम में होने वाला यह आयोजन मैयाथान क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा साबित करने का बड़ा मौका बनने जा रहा है। तीन दिनों तक मैदान में दौड़, ताकत, कौशल और टीम भावना की जोरदार टक्कर देखने को मिलेगी।

मामूली विवाद पर हत्या करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

अंबिकापुर। दोस्त की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों ने मामूली विवाद पर उसकी



धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। बता दें कि कोरिया बैकुंठपुर निवासी विश्वजीत कुल्हाड़े उर्फ राजा शहर के खैरबार बदुलापारा स्थित गैरेज में बाइक मिस्त्री का काम करता था और गैरेज के ही एक कमरे में रहता था। युवक की 4 अक्टूबर को उसके ही दो दोस्तों द्वारा हत्या किए जाने की बात सामने आई थी। युवक के सिर के पीछे गर्दन पर धारदार हथियार के गंभीर चोट के निशान मिले थे। इस मामले में पुलिस ने एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इस मामले में पुलिस ने खैरबार बदुला पारा निवासी 26 वर्षीय आकाश उर्फ चिंटू आ. शम्भू सिंह व 19 वर्षीय आकाश कंवर आ. कैलाश कंवर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपियों ने मामूली बात को लेकर विवाद के बाद आक्रोशित होकर धारदार बसीला से हमला कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपियों से घटना में दो नग बसीला बरामद करने के साथ ही दोनों आरोपियों को बीएनएस की 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली अखिलेश सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक मुकेश गुप्ता, परवेज फ़रिदौशी, नितिन सिन्हा, विवेक राय, लालबाबू सिंह, सैनिक दशरथ गुप्ता सक्रिय रहे।

विभाग ने 16 अतिक्रमणकारियों को जारी किया नोटिस

बांकी नहर को पाटकर 25 लोगों ने किया भूमि पर कब्जा, बना दी बाउंड्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बांकी जलाशय की नहर पर लगातार बढ़ता अतिक्रमण विभाग के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। नहर के अधिकांश हिस्सों में अतिक्रमण होने के कारण विभाग लगातार अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर रहा है। एनएच 43 से सटी नहर को पाटकर अवैध निर्माण करने के मामले में विभाग ने 25 लोगों को नोटिस जारी किया है।

खास बात
- नहर से बहेगा खरसिया रोड के नाली का पानी

शासन द्वारा पांच दशक पूर्व शहर से सटे गांवों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बांकी जलाशय सहित ग्राम नवागढ़, श्रीगढ़, कांतिप्रकाशपुर, मानिक प्रकाशपुर, खाला के रास्ते ग्राम कुबेरपुर तक मुख्य नहर एवं 5 माईनर का निर्माण किया गया था। तब इस इलाके में अच्छी खेती होती थी। शहर की आबादी बढ़ने के साथ ही इन गांवों का तेजी से विस्तार हुआ तथा देखते ही देखते गांव घनी आबादी का क्षेत्र बन गए। ग्रामीण क्षेत्रों के खेत अब आवासीय क्षेत्र बन गए हैं। बीच-बीच में कुछ खेत बचे भी हैं तो लोग स्वयं के साधनों से फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। इधर बांध की जल भराव क्षमता में कमी आने के साथ ही विभाग लम्बे अर्से से ननि क्षेत्र के पेयजल के लिए 8.91 एमसीएम पानी की आपूर्ति कर रहा है वहीं कुछ महीनें पूर्व ही विभाग ने 2.7 एमसीएम पानी खैरबार जल प्रदाय समूह को देने का करार किया है। विभाग लम्बे समय से सिंचाई के लिए नहर से पानी उपलब्ध नहीं करा रहा है जिसके कारण आसपास में निवासरत लोग नहर की भूमि पर कब्जा कर पक्का निर्माण कर रहे हैं। बांकी बांध की नहर राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 एवं दरिमा मार्ग को क्रॉस कर आगे तक विस्तारित है। खरसिया मार्ग में हो रहे जलभराव के निराकरण के लिए शासन ने सड़क के दोनों ओर नाली एवं सीसी सड़क निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। प्रशासन ने जल निकासी के लिए बांकी नहर का उपयोग करने का निर्णय लिया है। अधिकारियों ने नहर का जायजा लिया तो आसपास में निवासरत 25 लोगों द्वारा नहर को पाटकर अवैध बाउण्ड्री सहित अन्य पक्का निर्माण करने का खुलासा हुआ। मामले में विभाग ने 16 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया है।



बांकी नदी की जमीन पर बने अवैध मकान।

पानी निकासी का नहीं कोई दूसरा विकल्प

बारिश होने पर महामाया पहाड़ का पानी भरने के कारण खरसिया चौक से दरिमा मार्ग का इलाका जलमग्न हो जाता है। जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण हर साल बरसात में सड़क पूरी तरह उखड़ जाती है तथा बड़े-बड़े गड्ढे बनने के कारण आवागमन में मुश्किलें होती है। प्रस्तावित नाली का पानी निकालने लम्बे समय से अधिकारी विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। अधिकारियों ने कोई दूसरी आसान विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण बांकी नहर का उपयोग करने का निर्णय लिया है। लगातार बढ़ते अतिक्रमण को देखते हुए विभाग ने भी इसकी सुरक्षा के लिए स्थानीय निकायों को सौंपने का प्रस्ताव शासन को भेजा है।

किया जाएगा भूमि अधिग्रहण

खरसिया चौक स्थित एनएच की प्रस्तावित नाली का पानी निकालने के लिए 4 किलोमीटर लम्बी बांकी नहर का तो उपयोग किया ही जाएगा। पानी को आगे ले जाने के लिए 1 किमी क्षेत्र में नई नहर का विस्तार किया जाएगा। नई नहर बनाने के लिए विभाग आवश्यकतानुसार भूमि का अधिग्रहण करेगा। प्रस्तावित निर्माण के बाद सड़क पर जल जमाव की समस्या पूरी तरह से समाप्त हो जाएगी साथ ही नहर भी सुरक्षित रहेगी।

दिया गया नोटिस

खरसिया मार्ग से गुजरने वाली बांकी नहर को पाटकर 30 लोगों द्वारा अवैध बाउण्ड्री सहित अन्य पक्का निर्माण किया गया है। 25 अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया गया है। शीघ्र ही अतिक्रमण हटाया जाएगा।

-एपी निरंजन
ईई, जल संसाधन विभाग



हर्रापारा में पीलिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

विकासखंड भैयाथान के ग्राम हर्रापारा में पीलिया के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। इसी कड़ी में ग्राम देवल्या में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

- ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

स्वास्थ्य शिविर बीएमओ भैयाथान डॉ. राकेश सिंह के निर्देशानुसार लगाया गया। शिविर प्रभारी तोपान सिंह दायमा, सेक्टर प्रभारी भोला कुशवाहा, सीएचओ अंकिता जायसवाल, अर्चना, अमित कुशवाहा, पूनम, संजू सहित स्वास्थ्य टीम भैयाथान द्वारा स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। शिविर में 150 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें 80 मरीजों का रक्त सैंपल पीलिया जांच हेतु लिया गया। साथ ही टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत 40 मरीजों का चेस्ट एक्स-रे भी किया गया। अतिथियों ने ग्रामीणों को पीलिया से बचाव हेतु पानी उबालकर पीने, साफ-सफाई रखने और दूषित भोजन से बचने की सलाह दी। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही है और हर मरीज तक उपचार पहुंचाया जाएगा। शिविर में जिला पंचायत सदस्य अखिलेश प्रताप सिंह एवं जनपद पंचायत भैयाथान के उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह, सरपंच अनिल सिंह, सचिव आनंद सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

चोरों ने अस्पताल परिसर से पार की बाइक

बलरामपुर। ग्राम नवाडीह निवासी राजेश ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 26 सितंबर को बाइक क्रमांक सीजी 30 के 0559 से ग्राम परहियाडीह निवासी ससुर विनोद मानिकपुरी को बैठाकर इलाज कराने जिला अस्पताल लेकर आया। रात लगभग 9 बजे बाइक को अस्पताल परिसर में खड़ा कर ससुर को अस्पताल में भर्ती कराया। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट बलरामपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध चोरी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

कहीं मंजूलिका तो कहीं वीर हनुमान और दुर्गा माता के रूप में दिखे बच्चे

भूत-प्रेत, तांत्रिक व डाकुओं से सजी सड़कें बहुरूपियों ने शहर में फैलाया रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

भगवान अग्रसेन की 5150वीं जयंती से पहले अग्रवाल समाज में उत्सव का माहौल है। श्री अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में सोमवार को बहुरूपिया प्रतियोगिता हुई। इसमें बच्चे और युवा अलग-अलग वेशभूषा में शहर की सड़कों पर उतरे। गुरु नानक चौक से शुरू हुई प्रतियोगिता अग्रसेन भवन तक चली।

- गुरु नानक चौक से अग्रसेन भवन तक निकली प्रतियोगिता

प्रतियोगिता में कोई मंजुलिका बना तो कोई वीर हनुमान, जगन्नाथ और दुर्गा माता के रूप में नजर आया। भूत-प्रेत, तांत्रिक और डाकू के डरावने वेश में सजे बच्चों ने राहगीरों को चौंका दिया। कुछ लोग अचानक सामने आए डरावने पात्रों को देखकर घबरा भी गए। वहीं कई प्रतिभागियों ने भिखारी और पुलिसकर्मी की वेशभूषा धारण कर अपनी अभिनय कला दिखाई। बच्चों और युवाओं ने केवल जुलूस में हिस्सा नहीं लिया, बल्कि राह चलते लोगों, दुकानों और चौक-चौराहों पर अपनी कला का प्रदर्शन भी किया। अलग-अलग रूपों में सजे प्रतिभागियों को देखने के लिए रास्ते में लोगों की भीड़ जुटती रही। शहरवासियों ने प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। बहुरूपिया प्रतियोगिता ने शहर में उत्सव के साथ रोमांच और मनोरंजन का माहौल बना दिया। प्रतिभागियों ने अपनी वेशभूषा, अभिनय और कल्पनाशीलता से दर्शकों का ध्यान खींचा। अग्रसेन जयंती के आयोजन के तहत हो रही ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच दे रही हैं। इसके अलावा पुरुष एवं बच्चों के लिए रंग भरो प्रतियोगिता, महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए अग्र ध्वज सजाव प्रतियोगिता, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता हाई हील प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस दौरान अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजय मित्तल, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, सचिव संजय अग्रवाल, घनश्याम गर्ग तथा युवती मंच से अध्यक्ष शिखा अग्रवाल, वैष्णवी अग्रवाल, प्रियांशी अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, वैशाली गोयल, नेहा गर्ग, आस्था अग्रवाल, युक्ति तायल और साक्षा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रहे।





अग्र आईडल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

अग्र आइडल प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में समाज के प्रतिभागियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। किसी ने गायन से तो किसी ने अपनी प्रस्तुति और आत्मविश्वास से दर्शकों का ध्यान खींचा। प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपनी कला के जरिए मंच को जीवंत बनाया।

धोखे से जमीन हड़पने वाले दो भू माफिया को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अंबिकापुर। धोखे से जमीन हड़पने और फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। आरोपियों ने भोले भाले लोगों को झांसे में लेकर उनकी जमीन अपने नाम करा ली और सौदे की रकम भी अदा नहीं की। पुलिस ने जांच के बाद दो भू माफियाओं को गिरफ्तार किया है इसके साथ ही इस फर्जीवाड़े में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

- जमीन रजिस्ट्री कराने के बाद नहीं दी राशि, धोखे से कराया जमीन अपने नाम

लुंड्रा थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रघुनाथपुर चौकी अंतर्गत उचडीह निवासी मंगली बाई ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह ग्राम उचडीह स्थित अपने स्वामित्व की खसरा नंबर 29/2 एवं 61/2 से क्रमशः 0.284 एवं 0.081 हेक्टेयर भूमी कों बेचना चाहती थी। इसी दौरान आरोपी रंजय कुमार जायसवाल ने छेरतु यादव के माध्यम से महिला से संपर्क किया तथा 10 लाख रूपए में जमीन खरीदने का सौदा हुआ था। 29 जुलाई को आरोपी ने महिला और उसके पुत्र को झांसे में लेकर उन्हें अंबिकापुर रजिस्ट्री कार्यालय ले गया और कार्यालय में कागजात पर हस्ताक्षर करवा लिया। आरोपी ने रजिस्ट्री के बाद घर जाकर सौदे की रकम देने का वादा किया था। महिला का आरोप है कि आरोपियों ने तय जमीन के बदले छल कपट कर महिला के मानसिक रूप से कमजोर सगे रिश्तेदार और उसके बेटे के नाम पर दर्ज अन्य कीमती जमीनों की रजिस्ट्री भी अपनी पत्नी के नाम पर करा ली। रजिस्ट्री के बाद उन्होंने उन्हें रूपए भी नहीं दिए। इस मामले की जांच के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(4), 61(2) के तहत मामला दर्ज किया है। इसके अतिरिक्त आरोपी रंजय कुमार जायसवाल और अमरसाय मानिकपुरी द्वारा गंगापुर निवासी धनेश्वरी पनिका के साथ भी इसी प्रकार षड्यंत्र रचकर धोखाधड़ी किए जाने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में भी बीएनएस की धारा 318(4), 61(2) के तहत अपराध दर्ज किया। शातिर भू माफियाओं द्वारा लोगों की जमीन हड़पने के मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने रघुनाथपुर बटवाही निवासी 42 वर्षीय रंजय कुमार जायसवाल आ. त्रिलोकीनाथ जायसवाल व गंगापुर धनौलीपारा निवासी 30 वर्षीय अमर साय मानिकपुरी आ. नईहर साय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपियों ने भोले भाले लोगों को झांसे में लेकर षड्यंत्र पूर्वक जमीन रजिस्ट्री कराने की बात कही। पुलिस ने आरोपियों के पास से जमीन के मूल रजिस्ट्रेशन पेपर व अन्य दस्तावेज जब्त करने के साथ ही दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में चौकी प्रभारी रघुनाथपुर आरएन पटेल, प्रधान आरक्षक नारायण चौधरी, महिला आरक्षक अखबरी खातून, आरक्षक इदरीश खान, उमेश खुटिया, संजय केरकेट्टा, आशीष निश्चल, नेस्दोर कुजूर सक्रिय रहे।

ठेका श्रमिकों के हितों को लेकर एटक यूनियन ने जीएम ऑफिस के सामने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की विभिन्न खदानों में कार्यरत लगभग 700 ठेका श्रमिकों ने आज सोमवार को एटक के क्षेत्रीय सचिव पंकज गर्ग, राके सिद्धवे दी, सलमान खान,वीसी जैन के नेतृत्व में ग्राम पोड़ी से बाइक रैली निकाली। सैकड़ों श्रमिक अपने अधिकारों के समर्थन में नारे लगाते हुए बिश्रामपुर महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे, जहां रैली एक विशाल आमसभा में तब्दील हो गई।

- एसईसीएल सीएमडी द्वारा ठेका श्रमिकों के हित में की गई कई घोषणाओं का नहीं हो सका प्रभावी क्रियान्वयन

सभा को संबोधित करते हुए एटक के महासचिव अजय विश्वकर्मा ने कहा कि 1 मई खनिक दिवस के अवसर पर एसईसीएल के सीएमडी द्वारा ठेका श्रमिकों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई थीं, लेकिन क्षेत्र में इन घोषणाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अभी तक दिखाई नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रबंधन वास्तव में ठेका श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर है, तो सीएमडी द्वारा की गई घोषणाओं को तत्काल लागू करना चाहिए। इनमें ठेका श्रमिकों को परिचय पत्र, एचपीसी के अनुसार निर्धारित तिथि पर वेतन भुगतान, मेडिकल कार्ड एवं परिवार को निःशुल्क चिकित्सा सुविधा, कॉर्पोरेट बैंक में खाता खुलवाना, एसईसीएल संचालित स्कूलों में श्रमिकों के बच्चों के प्रवेश की सुविधा तथा आवास की सुविधा सहित अन्य घोषणाएं शामिल हैं।श्री विश्वकर्मा ने विशेष रूप से ड्रेस कोड का मुद्दा उठाते हुए कहा कि नियमित कर्मचारियों को निर्धारित ड्रेस कोड के तहत ड्रेस उपलब्ध कराई जाती है, जबकि ठेका श्रमिक अलग-अलग रंग एवं प्रकार के कपड़ों में खदानों में कार्य करने पहुंचते हैं। उन्होंने मांग किया कि सभी ठेका श्रमिकों के लिए समान एवं निर्धारित ड्रेस कोड लागू किया जाए तथा वर्ष में दो बार निर्धारित ड्रेस उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर क्षेत्र ने इस वर्ष ठेका श्रमिकों की मेहनत और योगदान के बल पर 88 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है, लेकिन इसके बावजूद ठेका श्रमिकों के शोषण और उनकी समस्याओं में कमी नहीं आई है। एटक के केंद्रीय अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा कि ठेका श्रमिकों को नियमानुसार एचपीसी वेतन, पूर्ण बोनस/पीएलआई तथा लंबित बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने श्रमिकों को सीएमपीएफ/ईपीएफ में जमा राशि एवं उससे संबंधित पूरी जानकारी ठेका श्रमिकों को उपलब्ध कराने की भी मांग की।पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता नरेश राजवाड़े ने कहा कि खदानों के आसपास के स्थानीय युवाओं की नियुक्ति के नाम पर भारी शोषण किए जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने कहा कि नियुक्ति के नाम पर पैसे लिए जाने की शिकायतें गंभीर चिंता का विषय हैं। जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मण राजवाड़े ने मांग किया कि प्रत्येक ठेका श्रमिक को हर माह की 7 तारीख तक बैंक खाते में वेतन भुगतान, प्रतिमाह 26 दिन का काम तथा सभी वैधानिक छुट्टियों का लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि खदानों में सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन होना चाहिए तथा श्रमिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना प्रबंधन की जिम्मेदारी है। इस दौरान एटक के उपाध्यक्ष रावेन्द्र शुक्ला, उपमहासचिव राजेश शर्मा, भटगांव के सचिव मनोज पांडेय सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं श्रमिक नेताओं ने सभा को संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि ठेका श्रमिकों को पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण सुरक्षा उपकरण, दुर्घटनाओं की पारदर्शी रिपोर्टिंग, चिकित्सा सुविधा, कॉर्पोरेट बीमा तथा अन्य सामाजिक सुरक्षा लाभ उपलब्ध कराए जाने चाहिए।एटक नेताओं ने कहा कि ठेका श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा, सम्मानजनक जीवन, सुरक्षित कार्य वातावरण एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए संघर्ष लगातार जारी रहेगा।



विद्यार्थियों को मिलेगी बड़ी राहत

सूरजपुर। विद्यार्थियों और अभिभावकों को शैक्षणिक दस्तावेजों से जुड़े कार्यों के लिए अनावश्यक परेशानी न हो और उन्हें अपने जरूरी दस्तावेज समय पर मिल सकें, इसे लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री ने पहल की है। मंत्री के निर्देश के बाद छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयबद्ध किए जाने की व्यवस्था की गई है। इससे विद्यार्थियों को अपने जरूरी शैक्षणिक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से राहत मिलेगी।







